RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : मंगलवार 16 मई 2023 वर्ष 05 अंक 28 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

अगले साल तक टल सकते हैं
बीएमसी चुनाव !

मुंबई : राज्य में बीएमसी सहित अन्य बड़े नगर निगमों के चुनाव अगले साल तक टलने की संभावना जताई जा रही है। देश की सबसे धनी मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) पर कब्जे की आस लगाए बैठी बीजेपी के लिए फिलहाल अच्छे राजनीतिक संकेत नहीं हैं। चर्चा है कि महाराष्ट्र सत्ता संघर्ष पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के प्रति जनता में सहानुभूति बढ़ी है, वहीं कर्नाटक चुनाव परिणाम का असर भी महाराष्ट्र पर पड़ने वाला है। दोनों प्रमुख कारणों की वजह से शिंदे-फडणवीस सरकार राज्य में लंबित बीएमसी सहित अन्य



स्थानीय निकायों के चुनाव फिलहाल टालने के मूड में नजर आ रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि आघाड़ी के कार्यकताओं को बूस्टर मिल गया है। बीएमसी चुनाव में यदि उद्धव ठाकरे को कांग्रेस और एनसीपी का साथ मिल गया तो बीजेपी के लिए बीएमसी का किला फतह करना मुश्किल हो जाएगा। वैसे भी बीएमसी में उद्धव ठाकरे की ताकत ज्यादा कम नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उनके प्रति सहानुभूति की लहर भी दिखाई दे रही है। इसको लेकर शिंदे-फडणवीस सरकार में चिंता बढ़ गई है।

करना होगा इंतजार

फिलहाल राज्य में माहौल सरकार के पक्ष में नजर नहीं आ रहा है। बीजेपी के ही कुछ पदाधिकारियों का मानना है कि बीएमसी के चुनाव जल्द हुए तो भारी नुकसान हो सकता है, इसलिए सरकार के पास स्थानीय निकायों के चुनाव स्थगित करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। अगर अभी चुनाव होते हैं तो सरकार को बड़ा झटका लग सकता है। बीएमसी, टीएमसी सहित कई बड़ी महानगरपालिका मार्च 2022 से प्रशासक के अधीन चल रही है।

कई कारणों से चुनाव में देरी

इसके पहले कोविड-संबंधी लॉकडाउन की पाबंदियों के कारण शुरू में कई नगर निगम के चुनाव टाले गए। उसके बाद ओबीसी कोटे पर सुप्रीम कोर्ट में केस शुरू हुआ। बीएमसी चुनाव को लेकर और देरी हुई क्योंकि एमवीए सरकार ने वार्डों की संख्या 227 से बढ़ाकर 236 कर दी। अब भी हाईकोर्ट के आदेश के बाद वार्डों की संख्या पर फैसला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। बीएमसी समेत राज्य के 23 नगर निगमों और 26 जिला परिषदों के चुनाव में देरी हुई है। कुल मिलाकर बीएमसी के अलावा अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव से जुड़े ओबीसी आरक्षण को लेकर करीब एक दर्जन याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं।

सहानुभूति की लहर थमने का इंतजार

चर्चा है कि शिंदे-फडणवीस सरकार उद्धव ठाकरे के प्रति सहानुभूति की लहर कम होने के साथ महाविकास आघाड़ी की मजबूती में दरार आने का इंतजार कर रही है। वैसे अब बीएमसी सहित अन्य नगर निगम के चुनाव को मानसून के बाद अक्टूबर तक तो टाला जा सकता हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि बीएमसी चुनाव अब अगले साल की शुरूआत में हो सकते हैं।

आवारा कुत्ते को तीन लोगों ने बेरहमी से मार डाला

मीरा रोड में हाउसिंग सोसाइटी के बाहर का मामला...

ठाणे : महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी के बाहर तीन लोगों ने एक आवारा कुत्ते को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला। उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि घटना 11 मई की रात एक हाउसिंग सोसाइटी के सामने हुई, जब एक व्यक्ति ने कुत्ते को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद एक दूसरे व्यक्ति ने कुत्ते के गले को रस्सी से बांध दिया, जबकि तीसरे ने उसे छड़ी से पीटा। यह क्रूर घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हाउसिंग सोसायटी के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर तीनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (मवेशियों को मारने या अपाहिज बनाने आदि) के तहत मामला दर्ज किया गया। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कचरे के निपटारा करने में मनपा फेल

वायु प्रदूषण की शिकायतों में 237 फीसदी की हुई बढ़ोतरी... कचरा की शिकायत में भी हुई 124 प्रतिशत हुई

मुंबई : मुंबई शहर बदलती जलवायु के साथ-साथ मुंबई में कचरा की समस्या कोरोना महमारी के बाद फिर एक बार बढ़ती जा रही है इसका खुलासा प्रजा की रिपोर्ट में सामने आया है। कचरा व्यवस्थापन की समस्या के कारण मुंबई में वायु प्रदूषण। गरमी का कहर और प्रदूषित पानी का स्रोत बढ़ना इस तरह की गंभीर समस्याओं का सामना लोगो को करना पड़ रहा है। पिछले दस वर्षों में नागरिकों द्वारा वायु प्रदूषण की शिकायतों में 237 प्रतिशत और कचरे का निपटारा करने को लेकर आने वाली शिकायतों में 124 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शहर के डंपिंग ग्राउंड में रोजाना पहुंचने वाले कचरे की मात्रा को कम करने का मनपा का उद्देश्य भी सफल नहीं हो पाया है। प्रजा फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ने निष्कर्ष निकाला है कि कोरोना काल में कचरा निकलने में आई कमी फिर एक बार अपने पुराने स्तर 7 हजार मैट्रिक टन से भी अधिक पहुंच गई है। कचरा के प्रमाण में वर्ष 2020 और वर्ष 2022 में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

बदलते वातावरण और कचरा का भी ठीक से व्यवस्थापन नहीं किए जाने से मुंबई की जनता को अधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है जिसका असर यह हुआ है कि मनपा प्रशासन

के पास प्रदूषण को लेकर आने वाली शिकायतों में भी भारी बढ़ोत्तरी हुई है। 2013 से 2022 तक नागरिकों द्वारा वायु प्रदूषण की शिकायतों में 237 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि कचरा का निपटारा समय पर नहीं किए जाने को लेकर शिकायतों का प्रमाण 124 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रजा फाउंडेशन ने पाया है कि 2022 में मुंबई मनपा स्वच्छ भारत अभियान योजना के तहत पांच सितारा रेटिंग प्राप्त करने में भी विफल रही है। मुंबई में 2018 से 2019 के दौरान कचरे की आई गिरावट फिर एक बार बढ़ गई है। जबकि मनपा ने बड़ी सोसायटियों को गिला कचरा और सूखा कचरा का अलग करना और उसका निपटारा करना अनिवार्य किया है। बावजूद इसके अब फिर एक बार मुंबई में कचरे का प्रमाण तेजी से बढ़ा है। मनपा सोसायटियों को कचरे का प्रमाण काम करने पर प्रॉपर्टी टैक्स जैसे छूट देने लगी थी फिर भी मनपा का

उठाया गया कदम नाकामयाब साबित होता दिखाई दे रहा है। प्रजा के आँकड़ों के अनुसार 2020 में प्रतिदिन 6904 मीट्रिक टन कचरा डंपिंग में जाता था जो कि 2022 में प्रतिदिन 7582 मीट्रिक टन पहुँचाया गया है। यानी प्रजा फाउंडेशन के अनुसार कचरे की मात्रा में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।जिसको लेकर मनपा को जवाबदार ठहराया जा रहा है। वर्ष 2022 में कचरा पैदा करने वाली 2825 हाउसिंग सोसायटियों में से 1401 यानी 50 प्रतिशत सोसायटियों ने कचरा पैदा करने वाली जगह पर कचरा का निपटारा अनहि किया जिससे प्रदूषण में वृद्धि हुई है।मीठी नदी में मल के माध्यम से बहुत अधिक जीवाणु प्रदूषण हो रहा है। जो की घातक साबित हो रहा है। मनपा मीठी नदी को भी साफ सुथरा करने पर हजारो करोड़ खर्च किया है जिसका पैसा भी नदी में बह जाने का आरोप लगाया है।

संपादकीय / लेख

अरावली पर सख्ती...!

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के प्रयासों में शिथिलता के चलते एक बार फिर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने तल्खी दिखायी है। निस्संदेह, हरियाणा सरकार की आलोचना के मूल में चिंता बढ़ाने वाली चूकों की लंबी श्रृंखला शामिल है। दरअसल, प्राधिकरण का मानना है कि कई गंभीर मामलों में कानूनी बाध्यता के बावजूद प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर कई मामलों में जांच-पड़ताल लंबे समय से लंबित रही है। इतना ही नहीं, कई मामलों में कानून के प्रासंगिक प्रावधान प्राथमिकी और चार्जशीट में नहीं जोड़े गये हैं। विडंबना ही है कि अवैध खनन व परिवहन से संबंधित सात आपराधिक मामलों में आरोपी बरी हो गये। निस्संदेह, यह घटनाक्रम बताता है कि अवैध खनन रोकने की दिशा में कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं। कह सकते हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों की अक्षमता, पर्याप्त प्रशिक्षण का अभाव व कदाचार के बीच लापरवाही के चलते कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं हो पाया है। इन मामलों में निष्क्रियता का उल्लेख एनजीटी ने किया भी है। विगत में भी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तंत्र की उदासीनता की ओर ध्यान दिला चुका है और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर चुका है। कह सकते हैं कि एनजीटी की हालिया टिप्पणी राज्य सरकार के उन दावों की हकीकत पर सवाल उठाती है जिसको लेकर राज्य सरकारें मामले में सक्रिय होने का दावा करती रही हैं। यही वजह है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस मामले में सख्त टिप्पणी करता रहा है।

बहरहाल, इस समस्या का गाहे-बगाहे उजागर होना दशार्ता है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई के लिये प्रशासनिक व राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी रही है। दरअसल,अरावली क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद स्टोन क्रशर और स्क्रीनिंग प्लांट्स की गतिविधियां चिंता बढ़ाने वाली बतायी जाती हैं, जिसके बाबत एनजीटी ने जानकारी मांगी है। अरावली क्षेत्र में खनिजों की खरीद, उन्हें ले जाने वाले वाहनों के लिये स्थापित चेकपोस्टों की संख्या, जीपीएस आदि आधुनिक तकनीकों समेत निगरानी तंत्र के बाबत राज्य सरकार से हलफनामा मांगा गया है। साथ ही हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा गया है कि वह पर्यावरण क्षतिपूर्ति व अवैध खनन रोकने के लिये एकत्र किये गये जुमार्ने के उपयोग से भूमि को मूल अवस्था में लाने तथा पुनर्वास करने के लिये एक कार्य योजना प्रस्तुत करे । निस्संदेह, इस जटिल होती समस्या के स्थायी समाधान के लिये एक स्वतंत्र अरावली संरक्षण प्राधिकरण स्थापित करने पर विचार करने की जरूरत महसूस की जा रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि एनजीटी के सख्त रवैये के बाद राज्य सरकार प्रभावी कार्रवाई के लिये रणनीति में बदलाव करेगी। सही मायनों में यदि राज्य सरकार वाकई ही खनन माफिया की गतिविधियों पर लगाम लगाने के प्रति गंभीर दिखना चाहती है तो इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को भी जांच व कार्रवाई के दायरे में लाने की जरूरत है। तभी हम पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

संजय राउत का निशाना

कर्नाटक में BJP की हार के बावजूद बैलेट पेपर की मांग पर अड़ी शिवसेना

महाराष्ट्र: शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत के अनुसार, शिवसेना (यूबीटी) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाय बैलेट पेपर का उपयोग करके चुनाव कराने की अपनी मांग पर अडिग है. संजय राउत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि केंद्र सरकार के सत्तावादी रवैये के कारण पूरे देश में चुनाव स्थगित हो जाएंगे.

नासिक मामले पर क्या बोले संजय राउत

राउत के खिलाफ नासिक में राज्य सरकार को ''नाजायज'' बताने और अधिकारियों से उनके निदेर्शों का

पालन नहीं करने का आग्रह करने के लिए मामला दर्ज किया गया था. इस मामले के बारे में सवालों का जवाब देते हुए राउत ने कहा, ''मैंने केवल कानून के दायरे में आम नागरिकों की चिंताओं को व्यक्त किया है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने प्रदर्शित किया है कि सरकार को अभी भी अयोग्य घोषित किए जाने का खतरा है.'' उनके व्हिप को अमान्य माना गया है, उनके सदन के नेता की नियुक्ति को अमान्य माना गया है, राज्यपाल द्वारा अपनाई गई पूरी प्रक्रिया को अमान्य माना गया है और 16 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय अभी लंबित है. मैंने अधिकारियों से अनुरोध किया था कि वे सरकार के निदेर्शों के बारे में सतर्क रहें क्योंकि वे अमान्य हो सकते हैं और अधिकारियों को बाद में इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा.

संजय राउत ने बीजेपी पर साधा निशाना

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ''हमें डर है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार के बाद सच्ची निरंकुशता आएगी. महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में पहले से ही देरी होने के कारण सरकार चुनाव कराने में हिचकिचा रही है. अगर केंद्र सरकार इस तरह से चुनाव स्थगित करने में बनी रहती है, तो यह होगा.''

ईवीएम पर दिया ये जवाब...

ईवीएम पर शिवसेना के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर, राउत ने जवाब दिया, ''कर्नाटक में बीजेपी की करारी हार के बावजूद, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर हमारा रुख अपरिवर्तित है. हम पेपर मतपत्रों का उपयोग करके चुनाव कराने की वकालत करते रहे हैं और हम ऐसा करना जारी रखते हैं.'' हमें विश्वास है कि हम महाराष्ट्र में भी विजयी होंगे. हालांकि, सच्चे लोकतंत्र के अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए मतपत्रों का उपयोग महत्वपूर्ण है.''

पालघर जिले में गर्भवती महिला को नहीं मिली एंबुलेंस... इलाज के लिए 7 किमी चली पैदल, हुई मौत !

पालघर : महाराष्ट्र के पालघर जिले में गांव से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तक पैदल सात किलोमीटर आने-जाने के दौरान लू लगने से 21 वर्षीया एक गर्भवती आदिवासी महिला की सोमवार को मौत हो गई। पालघर जिले के सिविल सर्जन डॉ. संजय बोडाडे ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब दहानू तालुका के ओसर वीरा गांव की सोनाली वाघाट चिलचिलाती धूप में साढ़े तीन किलोमीटर पैदल चलकर पास के एक राजमार्ग पर पहुंची, जहां से ऑटो-रिक्शा से तावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गईं। उन्होंने कहा कि नौ माह की गर्भवती महिला को पीएचसी में इलाज के बाद घर भेज दिया गया। तेज गर्मी के बीच वह फिर से राजमार्ग से साढ़े तीन किलोमीटर पैदल चलकर घर वापस पहुंची। अधिकारी ने कहा कि बाद में शाम को उसकी तबियत और बिगड़ गई और वह धुंदलवाड़ी पीएचसी गई, जहां से उसे कासा अनुमंडलीय अस्पताल (एसडीएच) भेज दिया गया। वहां महिला के कई स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त होने का पता चला। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने महिला का इलाज किया और उसे तेज बुखार था। महिला को आगे के इलाज के लिए धुंदलवाड़ी के एक स्पेशियलिटी अस्पताल भेज दिया गया। डॉक्टर के अनुसार रास्ते में एंबुलेंस में उसकी मौत हो गई और उसके अजन्मे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। अधिकारी ने कहा कि महिला गर्म मौसम में सात किमी तक चली, इससे उसकी हालत बिगड़ गई और लू के चलते उसकी मौत हो गई।

एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड का पीए हुआ तड़ीपार, महाराष्ट्र के इन जिलों में 2 साल तक एंट्री बैन

ठाणे: महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और मौजूदा एनसीपी विधायक जितेंद्र आव्हाड के पीए अभिजीत पवार को ठाणे पुलिस ने तड़ीपार किया है। पवार के ठाणे, मुंबई, मुंबई उपनगर, पालघर और रायगढ़ जिलों में प्रवेश पर दो वर्षों के लिए पाबंदी लगाई गई है। पवार के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। फेसबुक पर आव्हाड के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर इंजीनियर अनंत कमूर्से की आव्हाड के बंगले में हुई पिटाई के मामले में अभिजीत पवार आरोपी है और जमानत पर है। आव्हाड की बेटी और दामाद को जान से मारने की धमकी को लेकर एक ऑडियो वायरल हुआ था। उक्त आवाज ठाणे मनपा के विवादित सहायक आयुक्त महेश आहेर की होने का दावा आव्हाड ने किया था और उसको लेकर पुलिस से शिकायत की थी।

ऑडियो वायरल होने के बाद एनसीपी के कार्यकताओं ने आहेर पर हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया था।इनमें

अभिजीत पवार, एनसीपी पदाधिकारी हेमंत वाणी, विक्रम खामकर और विशाल गायकवाड़ शामिल थे। इस मामले में सभी जमानत पर हैं। पुलिस ने इसके बाद से ही सभी के खिलाफ तड़ीपार करने की कार्रवाई शुरू की थी। मार्च में नौपाड़ा पुलिस ने नोटिस जारी किया था। नोटिस में चारों को ठाणे, मुंबई, मुंबई उपनगर, पालघर और रायगढ़ जिलों से दो साल के लिए प्रतिबंधित किए जाने को लेकर जवाब मांगा गया था। सभी ने जवाब के लिए समय सीमा मांगी थी। वह समय सीमा दो दिन पहले खत्म हुई है। इसके बाद रविवार को ठाणे पुलिस ने अभिजीत पवार को गिरफ्तार किया और उसे जिले के बाहर ले जाकर छोड़ा है।

CBI का समीर वानखेड़े को समन

बयान दर्ज करने के लिए 18 मई को बुलाया

मुंबई : सीबीआई ने आर्यन खान ड्रग्स जब्ती मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े को समन जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुंबई जोन के पूर्व एनसीबी प्रमुख को गुरुवार, 18 मई को अपना बयान दर्ज कराने के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा है। जांच एजेंसी ने सोमवार को समीर वानखेड़े के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और उन पर कुछ गंभीर आरोप लगाए। सीबीआई ने समीर वानखेड़े के निजी मोबाइल फोन से डेटा हासिल करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम बनाई है साथ ही उनका फोन जब्त कर फॉरेंसिक लैब भेज दिया है।

सीबीआई के एक सूत्र ने एफआईआर के हवाले से बताया कि समीर वानखेड़े पर गुपचुप तरीके से महंगी घड़ियां खरीदने और बेचने का आरोप है। साथ ही एनसीबी के पूरब चीफ पर कथित तौर पर अपनी विदेश यात्राओं के दौरान अपने खर्चों का ब्योरा छुपाने का भी आरोप है। सीबीआई ने कहा है कि क्रूज पर पकड़े गए कुछ लोगों को रिहा कर दिया गया था जबकि आर्यन खान को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्राथमिकी में यह भी उल्लेख किया गया है कि संदिग्धों को स्वतंत्र गवाह के वी गोसावी के वाहन में लाया गया। के वी गोसावी को एनसीबी अधिकारी की तरह दिखाया गया। के वी गोसावी और उसकी सहयोगी ने संविले डिसूजा ने आर्यन खान के परिवार से 25 करोड़ रुपए वसूलने की साजिश रची। उसे मामले में फंसाने की धमकी दी और आखिरकार 18 करोड़ में डील हो गई। के वी गोसावी ने टोकन मनी के तौर पर 50 लाख रुपया लिया।

आर्यन खान को मिली क्लीन चिट

गौरतलब है कि एनसीबी द्वारा तीन अक्टूबर, 2021 को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किए गए आर्यन खान को 25 दिन जेल में बिताने के बाद 28 अक्टूबर, 2021 को बम्बई उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी। एनसीबी ने 27 मई, 2022 को आर्यन खान को 'क्लीन चिट देते हुए 14 आरोपियों के खिलाफ 6,000 पृष्ठ का आरोप पत्र दाखिल किया था।

भायंदर से दादर जा रहे यात्री का पैसे से भरा बैग लोकल ट्रेन में छूटा!

आरपीएफ द्वारा बैग लौटाए जाने पर यात्री के चेहरे पर दिखी खुशा

वसई : पश्चिम रेलवे अंतर्गत नालासोपारा स्टेशन पर आरपीएफ जवान के ईमानदारी की प्रशंसा हो रही है। दरअसल,एक यात्री ट्रेन में बैग भूलकर स्टेशन पर उतर गया,और उसमें बैग में तमाम समाग्री थी, साथ उसमें हजारो रुपये नगदी था। लेकिन आरपीएफ की ईमानदारी के कारण यात्री को हजारों रुपये नगदी समेत बैग वापस मिल गया।जब बैग मिल तो उस यात्री का खुशी का ठिकाना नहीं था,यात्री ने बताया कि मुझे भरोसा नहीं हो पा रही थी कि उनका बैग अब दोबारा मिल पाएगा। लेकिन आरपीएफ के ईमानदार जवान ने अपनी ईमानदारी को पेश करते हुए एक मिसाल कायम किया है। बताया गया है कि १४ मई (रविवार) को समय १०;३० बजे प्लेटफार्म पर यात्री शिकायत पर ट्रेन से एक बैग आरपीएफ कार्यालय में हेड कांस्टेबल राकेश सिंह द्वारा लाया गया, एएसआई रणजीत सिंह चेक करने पर मोबाइल नं.प्राप्त हुआ,उक्त नंबर पर नाम चिमन पटेल पता-देवाराम मेनरोड नजदीक,एम जी वा बैंक नदिया सिरोही राजस्थान बताया,बताया कि मैं गाड़ी भायंदर से पकड़ा व दादर स्टेशन पर ट्रेन में बैग भूलकर उतर गया,पश्चात आरपीएफ/नालासोपारा पोस्ट से मेरा बैग एक पानी का बाटेल,एक चार्जर व साथ ही ३२००० रुपए नगद हेड कांस्टेबल राकेश सिंह व एएसआई रणजीत सिंह द्वारा आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित कर यात्री चिमन को सुपुर्द कर दिया है। कुलमिलाकर बैग समेत ४४००० रुपये की सामग्री थी,जिसमे ३२ हजार रुपये नगद था।

पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम को मिली सफलता!

शातिर चोर गिरफ्तार

वसई : मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने शातिर चोर पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके साथ साथ पकड़े गए आरोपी की वजह से दो चोरी मामले से पर्दा हटा है। बताया गया है कि यह कार्रवाई जोन ०३ के डीसीपी सुहास बावचे और विरार विभाग के एसीपी रामचंद्र देशमुख द्वारा किए मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लब्दे के नेतृत्व पर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार पेल्हार थाने अंतर्गत १५ अप्रैल व १६ अप्रैल के बीच रिचर्ड कम्पाऊंड, मनिचापाडा, नालासोपारा पूर्व स्थित रुद्र कॉर्पोरेशन फैब्रिकेशन वर्क कंपनी के बाहर रखे २०,००० रुपये मूल्य के एक गढ़े हुए लोहे के मिश्रित बीम की अज्ञात द्वारा चुरा लिया गया। जिसकी शिकायत संतोष शशिकांत पाटील ने पेल्हार थाने में की। पुलिस के मुताबिक,उपरोक्त अपराध के संबंध में अंडरकवर सूचना व अपराध स्थल के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने के तुरंत बाद पेल्हार क्राइम डिटेक्शन के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर शातिर आरोपी निखील भोईर (२०),को हिरासत में लिया,जब उसे हिरासत में लिया गया और जांच की गई, तो पता चला कि उसने नायगांव पूर्व से उपरोक्त अपराध करने के लिए उपयोग किए जाने वाले रिक्शा को चोरी करके अपराध किया था। पुलिस के अनुसार, नामजद आरोपी को ९ मई को गिरफ्तार किया गया व उसके पास से एक लोहे का कम्पोजिट बीम एवं एक ऑटो रिक्शा जब्त किया गया। बताया गया है पुलिस ने दो मामलो का खुलासा भी की है। बता दे कि इस कार्रवाई को सफल बनाने में क्राइम डिटेक्शन के पुलिस उप निरीक्षक सनिल पाटिल, योगेश देशमुख, तुकाराम माने, तानाजी चव्हाण, प्रताप पाचुंदे, संदीप शेलके, मोहसिन दीवाण, सचिन बलीद, बालाजी गायकवाड़, किरण आव्हाड, रोशन पुरकर, निखिल मांडलिक कड़ी मेहनत की है।

NMMC की चेतावनी के बावजूद केबल और इंटरनेट कंपनियां गंभीर नहीं

बिजली के खंभे से नहीं हटाए गए तार

नवी मुंबई : केबल और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर करने वाली कंपनियों ने नवी मुंबई महानगरपालिका की चेतावनी को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया है। शायद इसीलिए अभी तक शहर भर में फैले हुए केबल के जाल को हटाने के लिए किसी प्रकार की कोई कदम नहीं उठाया गया है। पूरे नवी मुंबई शहर में केबल का जाल आज भी उसी तरह से फैला हुआ दिखाई दे रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना कि अब इस फैले हुए केबल के जाल को हटाने के लिए नवी मुंबई महानगरपालिका को ही कार्रवाई करनी चाहिए। इस बारे में वाशी में रहने वाले जनकल्याण सामाजिक संस्था के अध्यक्ष राजेश शर्मा का कहना है कि केबल और इंटरनेट प्रोवाइडर कंपनियों ने जिस तरह से पुरे शहर में केबल का जाल फैलाया हुआ है, उससे पक्षियों को भी नुकसान पहुंचता है। इसके साथ ही नवी मुंबई के नागरिकों को खुला आसमान भी नहीं मिल पा रहा है। साथ ही शहर की सुंदरता भी खराब हो रही है इसलिए महानगरपालिका प्रशासन को इन लोगों पर अवश्य कार्रवाई करनी चाहिए।

बिजली के खंबों को भी हो रहा नुकसान

गौरतलब है कि नवी मुंबई के अधिकांश नोड में इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर और केबल प्रोवाइडर कंपनियों ने बिजली के खम्बों का सहारा लेते हुए या फिर एक इमारत से दूसरी इमारत तक अपना केबल पहुंचाने के लिए जिस तरह से काम करते हैं उससे नवी मुंबई शहर की खूबसूरती और प्लानिंग को चुनौती मिल रही है। महानगरपालिका का कहना है कि इस तरह से बिजली के खंबों को भी नुकसान होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नवी मुंबई के सभी केबल आपरेटरों तथा इंटरनेट आपरेटरों को निर्देश जारी करते हुए कहा था कि वे अपने केबल को खुले आसमान से हटा ले इसके लिए नवी मुंबई महानगरपालिका ने 15 दिन का समय भी दिया था, लेकिन अब वह समय सीमा समाप्त हो चुकी है। लेकिन केबल और इंटरनेट आपरेटरों ने किसी तरह का कोई कदम नहीं उठाया है। केबल सर्विस और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर की वजह से बिजली के पोल्स नुकसान हो रहा है और आए दिन कोई न कोई दुर्घटना भी घटती रहती है। इसलिए इन लोगों को केबल बिछाने का कोई दूसरा तरीका अपनाना चाहिए। यदि यह लोग खुद केबल हटाने का काम नहीं करेंगे तो नवी मुंबई महानगरपालिका स्वयं कार्रवाई करेगी।

महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन होगा और महाविकास आघाड़ी की सत्ता आएगी - अजीत पवार

मुंबई : राकांपा नेता और नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने ट्वीट करके इस जीत पर कांग्रेस कार्यकताओं का अभिनंदन करते हुए आनेवाले दिनों में महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन होगा और महाविकास आघाड़ी की सत्ता आएगी, ऐसा विश्वास व्यक्त किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा कांग्रेस को दिया गया वोट इस बात का संकेत है कि कर्नाटक और देश में राजनीतिक आंदोलन एक बार फिर से विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में शुरू हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत ने भाजपा को दक्षिण में रोक दिया है। इसी तरह शिवसेना, राकांपा, कांग्रेस और सहयोगी दलों की महाविकास आघाड़ी भी महाराष्ट्र में इसकी पुनरावृत्ति करेगी। महाराष्ट्र की जनता पहले ही यह पैष्ठसला कर चुकी है, ऐसे शब्दों में अजीत पवार ने भाजपा पर निशाना साधा है।

'शिंदे गुट के १६ विधायकों को नहीं ठहराया जाएगा अयोग्य'

महाराष्ट्र सत्ता संघर्ष की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों को अयोग्य करने का निर्णय लेने का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष को दिया है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने लंदन से आने के बाद स्पष्ट कर दिया है कि इस पर जल्द निर्णय नहीं लिया जा सकता है। इस बीच प्रतिपक्ष के नेता अजीत पवार ने बड़ा दावा किया है। अजीत पवार का दावा है कि शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा।

प्रभारी अधिकारियों के सहारे चल रही है मनपा...

मुंबई : देश की सबसे अमीर मनपा यानी मुंबई मनपा का कामकाज इन दिनों प्रशासक चला रहे हैं। पिछले १४ महीनों से यहां प्रशासक अपने मनमाने कामकाज को लेकर आरोपों के घेरे में है। मनपा में नियुक्तियां बिल्कुल ठप कर दी गई हैं। नए अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो रही है। इतना ही नहीं महत्वपूर्ण विभागों में मुख्य अधिकारी के पद भी भरने में कोताही बरती जा रही है। आलम यह है कि प्रभारी अधिकारियों के सहारे मनपा चल रही है। मनपा के महत्वपूर्ण विभागों में मुख्य कर्ता-धर्ता मुख्य इंजीनियरों का पद रिक्त होने से मनपा का कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रभारी अधिकारियों के कंधे पर सवार मनपा कई मामलों में पिछड़ती नजर आ रही है। इसके बावजूद प्रशासक इकबाल सिंह चहल रिक्त मुख्य इंजीनियरों के पदों पर नियुक्ति करने का पैष्ठसला नहीं ले रहे हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यहां वरिष्ठता के आधार पर उपप्रमुख के पद के एक अधिकारी को मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नत किया जाता है। मनपा के विभागीय प्रोन्नति समिति ने इन रिक्त पदों के लिए व्यक्तियों के नामों की सूची तैयार कर आयुक्त के पास मंजूरी के लिए भेजी है, लेकिन मनपा आयुक्त एवं प्रशासक इकबाल सिंह चहल के पास उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने का भी वक्त नहीं है, ऐसा आरोप लगाया जा रहा है। चहल की अनदेखी से यह मामला लटका है। नतीजतन उपप्रमुख के पद पर तैनात अधिकारी ही अस्थाई रूप से मुख्य अभियंता प्रभारी का जिम्मा संभाल रहे हैं।

मनपा में वैसे तो कई हजार पद रिक्त हैं, लेकिन जो ११ प्रमुख विभागों में मुख्य इंजीनियरों का पद है, वह भी रिक्त है। उसमें दो पद तो संवैधानिक पद शामिल हैं। जानकारों के अनुसार, सिटी इंजीनियर विभाग, जल अभियंता विभाग, सड़क विभाग, सीवरेज परियोजना विभाग, जल आपूर्ति परियोजना विभाग, सतर्कता विभाग, स्टॉर्म ड्रेनेज वाटर विभाग, भवन प्रस्ताव और विकास योजना विभाग, कोस्टल रोड परियोजना, मुंबई सीवरेज परियोजना और विद्युत और यांत्रिक एवं लेखा विभाग के मुख्य अभियंता पद की जिम्मेदारी अभी भी प्रभारी अधिकारियों के हाथों में है। हाल ही में मनपा में बिल्डिंग मेंटेनेंस डिपार्टमेंट, सीवरेज ऑपरेशन डिपार्टमेंट और सिविल ट्रेनिंग सेंटर में स्थाई चीफ इंजीनियर नियुक्त किए गए हैं।

बढ़ती जा रही है रैश ड्राइविंग से होनेवाली दुर्घटनाओं में मरनेवालों की संख्या

मुंबई : रैश ड्राइविंग यानी लापरवाही या शराब पीकर वाहन चलाने से होनेवाली दुर्घटनाओं में मरनेवालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने अपनी कमर कस ली है। राज्य सरकार के संशोधित मसौदे के मुताबिक, लापरवाही से वाहन चलाना अब गैर-जमानती अपराध बन जाएगा। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर कानून में संशोधन का प्रस्ताव महाराष्ट्र सरकार द्वारा केंद्र सरकार को जल्द भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में इस संबंध में कल स'ाद्रि गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक हुई। सार्वजनिक सड़कों पर लापरवाह ड्राइविंग को गैर-जमानती अपराध बनाने के गृह विभाग के प्रस्ताव पर इस दौरान चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले और शराब पीकर वाहन चलाने वालों को भी उस कानून के दायरे में लाया जाए।

समुद्री मछलियां भी अन्य जीवित चीजों की तरह ही बढ़ती गर्मी से प्रभावित...

मुंबई : जलवायु परिवर्तन का असर दिखाई देने लगा है। समुद्री मछलियां भी अन्य जीवित चीजों की तरह ही बढ़ती गर्मी से प्रभावित हुई हैं। सुरमई, रावस जैसी मछली तकरीबन गायब हो गई हैं। समुद्र में मछली मारने की अवधि पर प्रतिबंध लागू होने से पहले मच्छीमारी में पचास प्रतिशत की गिरावट आई है। इसलिए अब कोली समुदाय के सामने यह सवाल है कि बरसात के मौसम में ताजी मछलियां सहित सूखी मछलियां लगती हैं, उसे कहां से लाएं?

हर साल इन दिनों सुरमई, रावस, करंदी मछलियां भारी मात्रा में उपलब्ध होती थीं। इस साल उक्त मछलियां नाममात्र ही रह गई हैं। छोटे पापलेट प्राप्त होते हैं, लेकिन उनमें अधिक स्वाद नहीं होता है। बोंबिल भी जाल में नहीं आ रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण मछली मिलने में कमी आई है।

१ जून से मछली मारने पर प्रतिबंध लगेगा। इस साल अप्रैल और मई दोनों महीने सूखे हो गए हैं, जिससे मछुआरों की चिंता बढ़ गई है। अप्रैल के महीने में खूब मछलियां मिलती हैं। बरसात के दिनों में ताजी मछली के साथ सूखी मछली भी परोसी जाती है। तेज गर्मी होने के कारण मछलियां न मिलने पर बारिश में क्या करेंगे? ऐसा सवाल मछली पकड़ने और बेचने का व्यवसाय करने वाले हर्षा टपके ने किया है।

जलवायु परिवर्तन का मत्स्य व्यवसाय पर भारी पैमाने पर प्रभाव पड़ता है। इस पर विचार किया जाना चाहिए, लेकिन मत्स्य व्यवसाय को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता, जितनी गंभीरता से सरकार कृषि को लेती है। जलवायु परिवर्तन के साथ समुद्री जीवन पर बाहरी कारकों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए अनुभवी कोली भाइयों के साथ एक विशेष समिति गठित करने की निरंतर मांग की जा रही है। अगर यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में मछली पकड़ने का मुख्य व्यवसाय के रूप में नहीं रह जाएगा, जो चिंता का विषय है, ऐसा कोली महासंघ के महासचिव राजहंस टपके ने कहा।

एफएमसीजी ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रुख, गांवों में बिकेगा डिब्बाबंद खाद्य!

मुंबई : 'एफएमसीजी' (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) ने अब देश के ग्रामीण क्षेत्रों की ओर भी अपना रुख कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 'एफएमसीजी' को काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसमें तेल, साबुन से लेकर डिब्बा बंद खाद्य वस्तुएं तक शामिल हैं। इससे यह भी समझ में आ रहा है कि देश के गांवों का टेस्ट भी बदल रहा है। ग्रामीण हिंदुस्थान भी अब मॉल में जाने लगाा है। अब वहां भी लोग पैकेट वाले चिप्स, ओट्स और २ मिनट्स नूडल्स के साथ ही तमाम डिब्बा बंद फास्ट फूड का रसास्वादन कर रहे हैं। अब सवाल है कि ऐसे में किसानों की उपज कौन खरीदेगा? 'एफएमसीजी' यानी मॉल या सुपरस्टोर में मिलनेवाली सभी उपभोक्ता वस्तुएं। इससे एक तरफ जहां कंपनियों का मुनाफा बढ़ा है, वहीं ग्रामीणों का अपने व्यवसाय के लिए भी खतरा बढ़ सकता है। मसलन, गांव से किसानों का दूध डेयरी वाली कंपनियां खरीद ले जा रही हैं, वहीं अब गांव के निकट पहुंच चुके छोटे कस्बे में इन स्टोर्स में से गांव के लोग पैकेट वाले दूध खरीदने लगे हैं। अगर ग्रामीण उत्पाद का चक्र इसी

तरह घूमता रहा तो फिर आनेवाले दिनों में इससे छोटे किसानों की शामत आ सकती है। जब सुपरमार्वेष्ठट कस्बों तक में पहुंच जाएगा तो फिर गांव के बाजारों में किसानों का सामान कौन खरीदेगा? क्योंकि ५० फीसदी छूट और सेल का खेल वहां भी शुरू हो जाएगा। यह इसलिए भी चिंताजनक बात है क्योंकि एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में एफएमसीजी ने तेजी से घुसपैठ की है और बाजार के विश्लेषकों का अनुमान है कि आनेवाले दिनों में इसका बाजार ७.९ फीसदी की दर से बढ़ने वाला है।

देश के बाजारों पर नजर रखनेवाले जानकारों के अनुसार, 'एफएमसीजी' के लिए 'एनआईक्यू' की हालिया रिपोर्ट काफी अच्छी है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश की दो-तिहाई आबादी अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

बड़ा फायदेमंद है चीकू, वजन भी करता है कम

चीकू आलू की तरह दिखने वाला फल है, जो हर मौसम में आसानी से मिल है। चीकू को सपोटा भी कहते हैं। चीकू को कई गुणों की खान माना जाता है। चीकू पेट की समस्याओं को दूर करने के साथ हेल्दी तरीके से वजन कम करने में मदद करता है। चीकू में मौजूद ऐंटी ऑक्सिडेंट्स और ऐंटी इंफ्लेमेंट्री एजेंट होने की वजह से यह कब्ज, दस्त जैसी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार है। इसके फायदों पर एक नजर...

वजन कम करता है

चीकू का फल और शेक वजन को कम करने में बेहद फायदेमंद है। अगर आप वजन को कम करने वालों की दौड़ में शामिल हैं, तो अपनी डाइट में चीकू शेक को जरूर शामिल करें।

कब्ज और यूरीन में जलन से बचाए

चीकू में मौजूद ऐंटी इंफ्लेमेंट्री एजेंट आपको कई बामारियों से बचाने में मददगार है। चीकू के सेवन से शरीर को प्राकृतिक रूप से ऊर्जा मिलती है। चीकू कब्ज, अतिसार, एनिमिया व हृदय रोगों से बचाव में फायदेमंद है। इसके अलाव यह यूरिन में जलन को दूर करता है।

चीकू शेक को एनर्जी ड्रिंक के तौर पर भी पिया जा सकता है क्योंकि इसमें ग्लूकोज काफी मात्रा में पाया जाता है। हेल्दी और फिट कौन नहीं रहना चाहता। ऐसे में फूड के लिए पूरी दुनिया के लोग जागरूक हो रहे हैं। कई बार हेल्थ को देखते हुए हम भूख मिटाने के लिए डायट फूड लेने लगते हैं। लोगों को लगता है कि ये हेल्दी होते हैं। लेकिन ये बस हेल्दी लगते ही हैं जबकि सच्चाई कुछ और होती है। यहां कुछ ऐसे ही फूड्स हैं जिन्हें लोग हेल्दी मानकर खाते हैं पर वे हेल्दी नहीं होते...

फिटनेस फ्रीक लोग स्मूदीज और प्रोटीन शेक्स के लिए दीवाने होते हैं। इन्हें खाने के बीच में लेना चाहिए ताकि भूख न लगे। कुछ स्मूदीज और शेक्स वाकई में हेल्दी होते हैं जबकि कुछ में कैलरीज और शुगर काफी ज्यादा होती है। यह आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यॉगर्ट पेट के लिए अच्छा हता है। हालांकि कुछ यॉगर्ट्स में ऐक्टिव और लाइव कल्चर नहीं होता जो कि फायदा पहुंचाने वाले बैक्टीरिया होते हैं। जब यॉगर्ट से कैलरी कम करने के लिए फैट हटाया जाता है तो फ्लेवर बढ़ाने के लिए इसमें शगर ऐड कर देते हैं। कई लो-फैट यॉगर्ट्स में शुगर होती है जो आपके वेट-लॉस प्लान को चौपट कर सकती है। कई लोग इंस्टंट एनर्जी के लिए प्रोटीन बार लेना पसंद करते हैं। ऐसा नहीं कि सारे प्रोटीन बार अनहेल्दी होते हैं लेकिन कुछ में कैलरी ज्यादा होने के साथ आर्टिफिशियल इनग्रेडिएंट्स भी होते हैं। आप हेल्थ के लिए चीनी के बजाय स्वीटनर्स भले चुनें लेकिन इसका कोई फायदा नहीं। आप इन्हें हेल्दी समझते हैं लेकिन इनसे वजन बढ़ सकता है। वजन कम ही करना है तो चीनी कम कर दें भले ही यह हेल्दी शुगर हो। डायट कुकीज हों, चिप्स हों या ऐसे ही दूसरे आइटम्स ये सभी अनहेल्दी होते हैं और इनसे वजन बढ़ जाता है। डायट फूड्स में प्रिजर्वेटिव्स, अनहेल्दी फैट्स और आर्टिफिशियल स्वीटनर्स होते हैं। ये सेहत के लिए अच्छे नहीं होते। ड्राइड फ्रूट्स में फाइबर्स, विटमिन्स और जरूरी पोषक तत्व होते हैं। हालांकि इनमें मिठास फ्रेश फ्रूट से ज्यादा होती है और लोग इन्हें ज्यादा भी खा लेते हैं। ये फ्रेश फ्रूट्स की तुलना में कम हेल्दी माने जाते हैं। चीकू में कैल्शियम व आयरन होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने और आंखों की रोशनी के लिए फायदेमंद माना जाता है। चीकू आयरन और कैल्शियम का अच्छा स्रोत है। यह हड्डियों के विकास में भी मददगार है।

गुणों से भरपूर

- आयरन
- विटामिन सी
- फास्फोरस
- फाइबर
- सोडियम
- मैग्नीशियम
- विटामिन बी 6
- पोटैशियम
- कैल्शियम

चीकू आयरन से भरपूर होता है। इससे पेट से जुड़ी समस्याओं में काफी आराम मिलता है। डॉ. पूनम तिवारी, डायटिशन, आरएमएलआई

मॉनसून में इन 6 तरीकों से करें होंठों की देखभाल, हो जाएंगे पिंक और सॉफ्ट

खूबसूरत चेहरे के साथ अगर होंठ भी सुर्ख लाल या गुलाबी हों तो सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं। आखिर खूबसूरत होंठ भला किसकी चाहत नहीं होती। लेकिन यह चाहत पूरी हो सकती है बशर्ते उनका अच्छी तरह से ख्याल रखा जाए। जिस तरह एनर्जी और यंग लुक के लिए शरीर को हेल्दी खान-पान और सही देखभाल की जरूरत होती है, ठीक वैसे ही होंठों को भी। सर्दी और गर्मी में तो होंठों की ढंग से केयर की जाती है, लेकिन मॉनसून में सब मामला गड़बड़ हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि बरसात के मौसम में बालों, स्किन और सेहत के ध्यान के अलावा किसी का ध्यान इस ओर जाता ही नहीं होंठों को भी एक्स्ट्रा केयर चाहिए।

1- ड्राई और फटे होंठों की समस्या सिर्फ सर्दियों या गर्मियों में ही नहीं होती, बल्कि कई लोगों के साथ यह समस्या सदाबहार है। इसलिए यहां कुछ ऐसे टिप्स दिए जा रहे हैं जो बारिश के मौसम में भी होंठों का ख्याल रखने में काम आएंगे:

2- होठों पर अगर डेड स्किन हो या पपड़ी जम रही हो तो फिर उस पर जीभ लगाने या फिर हाथों से डेड स्किन निकालने के बजाय आधा चम्मच शहद में आधा चम्मच चीनी मिक्स करके होठों पर लगाएं। एक ब्रश की मदद से होंठों को धीरे-धीरे रब करें। इससे डेड स्किन को निकलेगी ही साथ ही होंठ सॉफ्ट भी हो जाएं।

3- रात को सोने से पहले होंठों पर लिप बाम या फिर बोरोप्लस लगाएं, काफी फायदा होगा। इसके अलावा होंठों पर रोजाना रात को गाय का घी लगाने से भी वे मुलायम और गुलाबी हो जाते हैं।

लिप्स डार्क हैं, होंठों पर लगाएं सनस्क्रीन

4- लिप्स को स्क्रब करने के अलावा उनकी मसाज भी करें। इससे वे गुलाबी हो जाएंगे। इस-के लिए लिप्स पर कोकोनट या फिर ऑलिव ऑइल लगाएं और उंगलियों से मसाज करें।

5- रात को सोते वक्त कई महिलाएं मेकअप रिमूव करने के बाद लिपस्टिक रिमूव नहीं करतीं। इससे होंठों को काफी नुकसान होता है। रोजाना रात को लिपस्टिक हटाने के बाद लिप बाम लगाकर सोएं।

6- इसके अलावा स्मोकिंग न करें और हेल्दी खान-पान रखें। बॉडी को डिटॉक्स रखें और खूब पानी पिएं। पानी की कमी लिप्स को भी ड्राई बना देती है जिससे वे बदसूरत लगते हैं।

घर पर करें टमाटर फेशियल, चेहरे पर दिखेगा इंस्टंट ग्लो

घर पर करें टमाटर फेशियल, चेहरे पर दिखेगा इंस्टंट ग्लो

हेल्थ के साथ ही टमाटर स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। इसलिए आप चाहें, तो टमाटर को फूड के अलावा अपने चेहरे पर भी प्रयोग कर सकती हैं। यह आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स से निजात दिलाएगा। दरअसल, टमाटर में लाइकोपीन की क्वांटिटी काफी तादाद में होती है। लाइकोपीन के अलावा इसमें बहुत से ऐंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा पर फ्री रेडिकल्स के इफेक्ट्स को कम करने में मदद करते हैं। यही नहीं, अगर आप टमैटो फेशियल करती हैं, तो आप कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स से बची रहेंगी...

किसी भी तरह के फेशल को शुरू करने से पहले त्वचा की सफाई बेहद जरूरी है। टमैटो फेशल इसलिए फायदेमंद है क्योंकि इसमें नैचरल क्लींजिंग गुण पाए जाते हैं। चेहरे को क्लीन करने के लिए आधे टमाटर में चीनी मिलाकर 5 मिनट तक चेहरे पर मलें। इसके बाद साफ पानी से चेहरा थोकर हल्के हाथ से पोंछ लें। इसके अलावा भी कई तरीकों से क्लींजिंग की जा सकती है।

टमाटर और दूध

टमाटर के रस और दूध को मिलाकर चेहरे पर एक से दो मिनट तक मालिश करें। अब नॉर्मल पानी से मुंह धो लें। टमाटर जहां चेहरा क्लीन करता है वहीं दूध मॉइश्चराइजिंग के काम आता है।

स्क्रबिंग

क्लीजिंग के बाद सबसे महत्वपूर्ण स्टेप आता है स्क्रबिंग। यह आपके चेहरे को डीप क्लीन करने का काम करती है। चेहरे पर जमी ऊपरी गंदगी तो रोजाना साफ हो जाती है लेकिन पलूशन के कारण स्किन के भीतर गई गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी है। लेकिन ध्यान रहे कि त्वचा हमेशा दो प्रकार की होती है ड्राई स्किन और ऑइली स्किन। अब अगर त्वचा अलग-अलग प्रकार की है तो इसकी स्क्रबिंग के तरीके भी अलग-अलग होने चाहिए।

डेड स्किन निकाले

इसके लिए आप टमाटर के गूदे को निकालकर उसमें चीनी मिक्स करके चेहरे पर दो से तीन मिनट तक रगड़ें। आप चाहें तो चीनी की जगह ओटमील का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस स्क्रब का इस्तेमाल करने से चेहरे की सारी डेड स्किन रिमूव हो जाएगी। उसके बाद आप साफ पानी से मुंह धो लें।

नौकरी दिलाने के नाम पर नेवी के छात्र के साथ लाखों की ठगी

■ बोगस ऑफर लेटर से हुआ ठगी का खुलासा ■ आरोपी कंप्यूटर इंजीनयर दिल्ली से गिरफ्तार

मुंबई। दहीसर साइबर पुलिस ने 1 आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है जो नौकरी दिलाने के नाम पर पहले नौकरी डॉट कॉम वेबसाइट से डेटा चुराया फिर नौकरी तलाश करने वाले को शिकार बनाकर उनके साथ ठगी करने लगा.पकड़ा गया आरोपी लोगो को यह बताता था कि वह नेवी का डिप्लोमा करने वाले इक्षुक छात्रों को नौकरी दिलाने का काम करता है.जो लोग उसके झांसे में आते थे उनको बाकायदा आफर लेटर भी देता था. जब वह आफर लेटर बताये हुए कंपनी में नौकरी जॉइन करने पहुचा तब उसे पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है.

दहीसर पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई प्रवीण पाटील ने बताया कि पीड़ित छात्र नेवी का डिप्लोमा कंप्लीट करने के बाद नौकरी डॉट कॉम पर जॉब की तलाश कर रहा था.छात्र ने नौकरी डॉट कॉम पर अपना पूरा प्रोफाइल बनाकर अपलोड कर दिया था।कुछ दिन बाद उसे रवि शर्मा नामक एक शख्स का फोन आया की वह नेवी की एक कंपनी में उसे जॉब दिला सकता है। जिसके लिए वह उस छात्र को एक नेवी में जॉब दिलाने वाली नामी कंपनी का ऑफर लेटर भी दिया था।जब छात्र वह आफर लेटर लेकर बंगलोर नौकरी जॉइन करने गया तो उक्त कंपनी ने बताया कि वहां ऐसा कोई जॉब उपलब्ध नही है.छात्र को पता चल गया था कि उसके साथ धोखा हुआ है.

छात्र मुंबई लौटकर अपने नजदीकी दहीसर साइबर पुलिस को इसकी शिकायत

दी. दहीसर साइबर पुलिस स्टेशन के पीआई संजय बांगर के मार्गदर्शन में अपीआई अंकुश दांगड़े और सिपाही श्रीकांत देशपाण्डे व कांस्टेबल सचिन शिंदे,अमित पाटील,सागर पवार, सुकेशिनी जवले की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की।

साइबर पुलिस ने आरोपी के कांटेक्ट नंबर और ल्ऊऋ बैंक खाते के डिटेल व प्रोफाइल से जांच में पाया कि वह दिल्ली के बेगमपुर का रहने वाला है. मुंबई दहीसर पुलिस टीम दिल्ली पहुची और आरोपी को गिरफ्तार किया जिनके पास से 4 एटीएम कार्ड 2 मोबाइल फोन और बोगस ऑफर लेटर भी जब्त किया है.

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी कम्प्यूटर इंजीनियर है,वह नौकरी डॉट कॉम पर अपना फेंक प्रोफाइल बनाकर पहले वहां से डेटा चुराया बाद में नौकरी की चाहत रखने वाले को कॉल कर उन्हें नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये लेने लगा. दहीसर पीड़ित छात्र से आरोपी ने करीब साढ़े 4 लाख 47 हजार रुपये की वसूली की. जिनमे अलग अलग चार्ज के नाम पर वसूली किया है. पुलिस अब यह जांच में जुटी है कि आरोपी रवि शर्मा ने अबतक कितने ऐसे छात्रों को अपना शिकार बना चुका है.

17 मई से महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बढ़ेगा तापमान, हीटवेव को लेकर अलर्ट

मुंबई। चक्रवाती तूफान मोका रविवार को म्यांमार के उत्तर-पश्चिमी तट से टकराया। चक्रवाती तूफान मोका के कारण 270 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने घरों का तबाह कर दिया है। यहीं नहीं इस तूफान से बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। हालांकि, इसके चलते मानसून के आने में देरी होगी।

15 मई थी मानसून के आगमन की तारीख

बता दें कि साल 1982 के बाद मई के महीने में बंगाल की खाड़ी से टकराने वाला सबसे तेज गति का चक्रवात है। बताया जा रहा है कि चक्रवाती तूफान मोका के कारण अंडमान में मानसून के आने में देरी होगी। अंडमान में मानसून के आगमन की तारीख 15 मई है, लेकिन इस बार मानसून के आने में चार से पांच दिन की देरी होगी।

17 मई से महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बढ़ेगा तापमान

आईएमडी ने कहा कि मोका ने 14 मई को दोपहर तक म्यांमार में सितवे के पास 180-190 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से लेकर 210 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लैंडफॉल बनाया था। इस बीच, आईएमडी ने राज्य भर में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बुधवार 17 मई से महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

मानसून के आने में होगी देरी

हालांकि, मोका तूफान का अरब सागर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। एक लोकप्रिय निजी मौसम ब्लॉग वेदर ऑफ वेदरिज के राजेश कपाड़िया ने कहा कि मानसून के अरब सागर के ऊपर कुछ दिनों के विलंब की संभावना है, हालांकि, इसे चक्रवात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अब तक का सबसे शक्तिशाली चक्रवात है मोका

नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रीजनल एंड मेसोस्केल मौसम विज्ञान शाखा (फ्अटट्ट) के अनुसार, चक्रवाती तूफान मोका के समुद्र तट से टकराने से पहले लगभग 270 किलोमीटर प्रति घंटे की तीव्रता के साथ तेज हवाएं चल रही थी। वहीं, कपाड़िया ने कहा कि चक्रवात मोका पृथ्वी पर अब तक का सबसे शक्तिशाली चक्रवात है, जो 1982 के बाद से उत्तर हिंद महासागर में दर्ज किया गया है।

गोरेगांव के करधर ज्वैलरी शॉप में 2 किलो सोने की लूट

■ ज्वैलरी शॉप का नौकर पुलिस की हिरासत में
■ लूट के बाद राजस्थान फरार आरोपी तक पहुंची पुलिस

मुंबई। गोरेगॉव (प) पुलिस स्टेशन की हद में जवाहर नगर रोड स्थित करधर ज्वेलर्स शॉप में सोमवार की रात कुछ अज्ञात शख्स द्वारा करीब सवा दो किलो सोने की लूट होने का मामला सामने आया. जहां शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब उसका नौकर सोमवार की रात खाना खाकर ज्वैलरी शॉप में सोने आ रहा था तभी वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले नौकर को बेहोशी का लिक्विड सुंघाकर उसे बेहोश कर दिया और रातभर दुकान के अंदर तोड़फोड़ कर करीब सवा दो किलो सोने के गहने लूटकर फरार हो गए.

गोरेगॉव पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लूट की वारदात की जांच शुरू की. जिसमे सामने आया कि गोरेगॉव पुलिस बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने और लूट के सोने के गहने जब्त करने में कामयाबी हासिल कर लेगी..फिलहाल पुलिस ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले नौकर को हिरासत में लेकर वारदात की जानकारी ले रही है.पुलिस को शक है कि नौकर की मिली भगत से लूट की वारदात की कहानी बनाई गई है,लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले से पर्दा उठ जाएगा.

आपको बता दे कि गोरेगॉव पुलिस अबतक नौकर को हिरासत में लेकर डीसीपी अजय कुमार बंसल के मार्गदर्शन में गोरेगॉव सीनियर पीआई दत्तात्रय थोपटे के नेतृत्व में क्राइम पीआई नीलिमा जाधव,अपीआई सुदर्शन पाटिल,अपीआई अतुल सानप,सावंत,वारंगे,शेख की टीम ने मिलकर जांच शुरू.

गोरेगॉव पुलिस की टीम वारदात की शिकायत के बाद पहले करधर ज्वैलरी शॉप में गई जहां शॉप के अंदर रखे सभी बॉक्स बिखरे पड़े है.ज्वैलरी शो केस का लॉक तोड़कर उनमें रखे सोने के गहने गायब है.

ज्वैलरी शॉप में लगे सीसीटीवी के डीवीआर गायब है.तिजोरी के मुख्य लॉक को तोड़ने की कोशिश की गई है लेकिन लॉक नही टूटा है. पुलिस जब शॉप के नौकर से पूरी जानकारी ली तो नौकर ने पुलिस को बताया कि जब वह रात साढ़े 11 बजे खाना खाकर दुकान में सोने लौट रहा था तभी वहां कुछ लोग दुकान के पास खड़े थे और मैं जैसे अंदर दुकान में गया वहां खड़े कुछ लोग भी अंदर आ गए और मुझे रुमाल की मदद से बेहोश करके दुकान लूट लिए और चले गए,जब मैं सुबह होश में आया तो मालिक को लूटपाट की वारदात की जानकारी दी.

दुकान मालिक के अनुसार वह राजस्थान के है और उन्होंने अपने राजस्थान के एक गॉव के रखने वाले लड़के को नौकर के तौर पर रखा था जो दिनभर काम करने के बाद नौकर खाना खाकर दुकान में सोता था.वारदात की रात भी वह सोने गया था तभी यह घटना हुई है.लेकिन पुलिस को पूरा शक है कि ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले नौकर की मदद से यह लूट के वारदात की कहानी बनाई गई है. नौकर से पूछताछ के बाद ही गोरेगॉव पुलिस की टीम राजस्थान के लिये रवाना हुई है. अबतक की जानकारी के अनुसार मुंबई से राजस्थान फरार आरोपी की गर्दन गोरेगॉव पुलिस की गिरफ्त में आ चुकी है बस इंतजार लूट के गहने जब्त होने के है.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 16 मई 2023

नेमवि में रैली का भव्य स्वागत

खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने हेतु पुष्पवर्षा की

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के 04 जनपद लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी एवं गोरखपुर में 25 मई से 05 जून 2023 तक खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसका वृहद प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन एवं मशाल रैली का आयोजन खेल विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। उसी क्रम में सुबह सत्र में जिला स्टेडियम से मशाल रैली का आयोजन किया गया। नेहरू महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण द्विवेदी के निर्देशन में महाविद्यालय के गेट पर मशाल रैली का भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य प्रो. राकेश नारायण द्विवेदी, प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, क्रीड़ाधिकारी डा. अनिल सूर्यवंशी, असि. प्रो. अनीता, असि. प्रो. हिमांशधर द्विवेदी, असि. प्रो. जितेन्द्र कुमार, असि. प्रो. रौशन कुमार सिंह, डा.सूबेदार यादव, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा. बलराम द्विवेदी, डा.राजीव निरंजन, डा.गीरेन्द्र सिंह, डा.संतोष कुमार सिंह, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार, अंकित चौबे, रवि कुशवाहा, राकेश प्रजापति, सुरेश पाल के द्वारा रैली में चल रहे खिलाडियों एवं अतिथियों का फूलों की बरसात कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। रैली का संचालन क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण, क्रीड़ाधिकारी, उप क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार वर्मा आदि द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। अंत में रैली में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार एवं पेयजल आदि की व्यवस्था की गई। क्रीड़ाधिकारी डा.अनिल सूर्यवंशी ने सभी का आभार जताया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

ललितपुर। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत निदेषक महिला कल्याण उत्तर प्रदेष लखनऊ के द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव मनाये जाने के निर्देष प्राप्त हुए है, जिसके अनुपालन में जिला प्रोबेषन अधिकारी नन्दलाल सिंह की अध्यक्षता में जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया।

इसमें 14 नवजात कन्याओं के जन्म पर केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें पूजा पत्नी दिनेष, पूजा प्रजापति पत्नी अनिल प्रजापति, अफसाना पत्नी याकूब, संगीता पत्नी दीपक, जयन्ती पत्नी गुलाब, भारती पत्नी फूलचन्द्र, रोषनी पत्नी प्यारेलाल, प्रमोद कुमारी पत्नी राजा, सावित्री पत्नी वरून, प्रियंका पत्नी अगद, माधवी पत्नी पुश्पेन्द्र, प्रियंका पत्नी षिषुपाल, इमरती पत्नी षिवचरन, षिवानी पत्नी कमलेष आदि नवजात कन्याओं व उनके परिवारजनो को कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच रखने हेतु प्रेरित करते हुए फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया, नवजात बालिकाओं को कपड़े, ड्राईफूटस, हिमालया बेबी किट, पौधे के साथ गमला, कैरी बैग, व सम्मान पत्र देकर सम्मानित कर बेटी के जन्म होने की बधाई दी गयी एवं वृक्ष को बेटी के नाम से लगाये जाने का अनुरोध किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेषन अधिकारी द्वारा, महिला कल्याण विभाग से संचालित समस्त योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन, षासन द्वारा चलाये जा रहे समस्त टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 181,1090,1098,112 इत्यादि की जानकारी देकर प्रचार-प्रसार किया गया।

इस दौरान बाल कल्याण समिति सदस्या अर्चना सक्सैना, महिला कल्याण अधिकारी ममता श्रीवास, गैर संरक्षण अधिकारी जयराम, जिला समन्वयक रागिनी प्रजापति, जिला समन्वयक प्रियंका नामदेव, बाल कल्याण समिति से आकड़ा विष्लेशक पुश्पेन्द्र परमार, सामाजिक कार्यकर्ता रूपेष षर्मा, सखी वन स्टाप सेन्टर से प्रभारी सेन्टर मैनेजर पूनम षर्मा, केषवकंर रेषमा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामकुमार एवं महिला चिकित्सालय की स्टाफ नर्स, उपस्थित रही।

अन्तर्राष्ट्रीय विश्व परिवार दिवस विशेष

इन्टरनेट के युग में समस्त भूमण्डल एक परिवार की ओर अग्रसर : प्रो.शर्मा

ललितपुर। अन्तर्राष्ट्रीय विश्व परिवार दिवस के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि हम अन्य न और कुटुम्बी, हम केवल एक हमीं हैं, की घोषणा बहुत पहले महाकवि जयशंकर प्रसाद ने अपने महाकाव्य कामायनी में बहुत पहले ही कर दी थी। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के उपरांत संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन करके वसुधा के सभी मनुष्यों ने गोस्वामी तुलसीदास के संकल्प को साकार करने के लिए समस्त संसार को अयोध्या अर्थात अ+युद्ध समस्त झगड़े, टंटे-फसाद से मुक्त धरती को शांतिपूर्ण सहअस्तित्वयुक्त बनाने के लिए सियाराम मय सब जग जानी, करहूं प्रणाम जोरजुग पाणी की छवि को प्रणाम किया था।

जैसे-जैसे दुनिया में शांति, सद्भाव, समानता का विकास होगा, वैसे ही वैसे एक-एक मानव में एकता और सामंजस्य का सुप्त भाव हिलोरें लेने लगेगा और केवल अवध में ही नहीं, न्याय और समता आधारित अयोध्या का विस्तार रामराज्य के रूप में सारी दुनिया में विस्तारित हो जायेगा। बड़ी सटीक घोषणा हमारे महान पूर्वजों ने की थी रामराज बैठे त्रिलोका, गये शोक, हरषित सब लोगा। भारत की संस्कृति त्रैलोक्यंम को ही एक राष्ट्र मानती है क्योंकि सभी निरोगी हो, सभी सुखी हो और सबका कल्याण हो के उद्देश्य की पूर्ति में उसकी अखण्ड आस्था व विश्वास है, न कि 99 को दुख में डालकर अपना सुख तलाशने की लालसा वह सपने में भी नहीं कर सकता है।

श्रीमदभागवत की कथा में कहा गया है कि सुदामाजी जब अपने अभिन्न मित्र श्रीकृष्णजी की राजधानी द्वारका से खाली हाथ लौट रहे थे और जैसे ही अपने गांव की सरहद पर आये तो देखा कि सूखे कच्चे घर और झोपड़े सोने के बन गये हैं तो परम आनंद में फूले नहीं समाये, क्योंकि उनका एकाकी सुख सभी के सुख से जुड़ा हुआ था। हजारों साल पहले हमारे रिषियों और मुनियों ने वसुधैव कुटुम्बकम यानि सारी दुनिया एक छोटा कुटुम्ब है अर्थात विश्वम भवति एक नीड़म समस्त भूमण्डल एक घोसला है जिसमें सभी दिशाओं और जातियों के पक्षी एक साथ बसेरा करते हैं।

वेदों का सार भी या उसके निचोड़ को मात्र 6 शब्दों में कहा जा सकता है कि जो पिण्ड है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड है, वहीं पिण्ड है। इसी अखण्ड विराट शक्ति से सम्पन्न व्यक्ति भी ब्रह्ममाण्ड की सम्पूर्ण शक्ति के साथ अलग नहीं बल्कि उसके केन्द्र में इसलिए वह मिलजुल कर जिस दिन ठान लेगा उसी दिन सारी धरती को एक परिवार बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती।

नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर तैयारी तेज

मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर भव्य आयोजन के साथ नए संसद भवन का हो सकता है उद्घाटित



नई दिल्ली। नए संसद भवन के उद्घाटन का वक्त नजदीक आ गया है. मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर भव्य आयोजन के साथ नए संसद भवन का उद्घाटन हो सकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे. मई के आखिरी सप्ताह में कार्यक्रम रखा जा सकता है.

बता दें कि 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी. यही वजह है कि सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर नए संसद भवन का उद्घाटन किया जा सकता है. फिलहाल, नए संसद भवन के लिए मार्शल की नई ड्रेस होगी. यहां सुरक्षा के कड़े और नए सिरे से इंतजाम किए जाएंगे. चार मंजिला संसद भवन में 1224 सांसदों के बैठने की व्यवस्था की गई है. बताते चलें कि मार्च के आखिरी सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन का औचक निरीक्षण किया था. यहां काम के बारे में जानकारी ली थी.

देशभर में 45 स्थानों पर आज लगेगा रोजगार मेला

71 हजार युवाओं को मिलेगा नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। युवाओं को सरकारी नौकरी देने के अभियान के तहत मंगलवार को पांचवां प्रधानमंत्री रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। देशभर में 45 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही उन्हें वर्चुअली संबोधित भी करेंगे। इसके साथ ही रोजगार मेलों के द्वारा सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र का आंकड़ा 359000 पर पहुंच जाएगा।

पीएम मोदी सुबह 10.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नवनियुक्त 71 हजार युवाओं को नियुक्ति-पत्र देंगे। ये नियुक्तियां केंद्रीय सरकारी विभागों, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में की जा रही हैं।

नवनियुक्तों को कर्मयोगी प्रारंभ एप के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा। यह विभिन्न सरकारी विभागों में नए नियुक्त होने वालों के लिए कामकाज से परिचित होने का आनलाइन पाठ्यक्रम है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 16 मई 2023

सोनू भिड़े ने फिर दिखाया अपना बोल्ड अंदाज, ब्रालेट पहन खुद ही क्लिक की मिरर में सेल्फी

मनोरंजन जगत की आज कई बड़ी खबरें नजर आ रही हैं। अनुष्का शर्मा और अमितभ बच्चन के खिलाफ मुंबई पुलिस कार्यवाही करने वाली है। हाल ही में अनुष्का शर्मा और अमिताभ बच्चन की सोशल मीडिया पर बाइक की सवारी करते हुए फोटो वायरल हो रही हैं। हालांकि दोनों ही सेलेब्स इन तस्वीरों में हेलमेट पहने नजर नहीं आ रहे हैं, जिसके बाद अब मुंबई पुलिस ने रिएक्ट किया है। इसके साथ ही रणबीर कपूर ने अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के रिलेशनशिप पर खुलासा किया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रणबीर कपूर ने आदित्य-अनन्या के रिलेशनशिप को लेकर बड़ी हिंट दी है। इसके साथ ही आज की 5 बड़ी एंटरटेनमेंट की खबरों पर एक नजर डालते हैं। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे के रिलेशनशिप को लेकर बड़ा इशारा किया है।

बातों ही बातों में रणबीर ने दोनों के रिलेशनशिप को कन्फर्म कर दिया है। रणबीर ने खुलासा किया कि आदित्य रॉय कपूर को 'अ' से शुरू होने वाले नाम की लड़कियां पसंद हैं। बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की फिल्म जरा हटके जरा बचके का ट्रेलर बीते दिन रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर लॉन्च में विक्की कौशल से सवाल पूछा गया कि क्या वह कैटरीना कैफ को तलाक देंगे। जिस पर विक्की का रिएक्शन सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

एक्टर ने जवाब दिया कि उनका और कैटरीना का साथ जनमों जनमों तक का है।

मृणाल भी दिखेंगी कान के रेड कारपेट पर, बोलीं, सिनेमा के दिग्गजों से मिलने का बेहतरीन मौका

भारतीय सिनेमा में लगातार अपनी दमदार पहचान बना रहीं अभिनेत्री मृणाल ठाकुर फ्रांस के कान में शुरू हो चुके कान फिल्म फेस्टिवल में हिंदुस्तान की नुमाइंदगी करने पहुंच रही हैं। मृणाल ठाकुर की लोकप्रियता में उनकी पिछली फिल्म 'सीता रामम' के बाद जबर्दस्त उछाल आया है और दक्षिण भारत के तमाम फिल्म निमार्ता उन्हें अपनी फिल्म में लेने को उत्सुक हैं। इन दिनों वह साउथ सिनेमा के सुपरस्टार नानी के साथ एक फिल्म कर रही हैं।

जानकारी के मुताबिक मृणाल ठाकुर 17 से 19 मई तक कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए फ्रेंच रिवेरा में होंगी। बहुत कम समय में मृणाल न केवल भारतीय फिल्म उद्योग में सबसे अधिक मांग वाला युवा चेहरा बन गई हैं, बल्कि अपने सहज फैशन विकल्पों के लिए भी वह जानी जाती हैं। 2022 में 'सीता रामम' के साथ दक्षिण में अपनी शुरूआत के बाद मृणाल बहुत कम समय में एक राष्ट्रीय अभिनेत्री बन गईं।

मृणाल के बहुमुखी अभिनय कौशल और उनके शिल्प के प्रति उनके समर्पण ने भारतीय फिल्म उद्योग में उनकी जगह को मजबूत किया है और उन्हें कुछ बेहतरीन फिल्म निमार्ताओं के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त हुआ है। मृणाल वर्तमान में अपनी अगली फिल्म 'नानी' 30 के लिए शूटिंग कर रही हैं और जल्द ही 'पूजा मेरी जान', 'पिप्पा' और 'लस्ट स्टोरीज 2' में मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगी।

अपने कान डेब्यू के बारे में बात करते हुए मृणाल कहती हैं, ह्लमैं पहली बार कान फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के लिए रोमांचित हूं। इस तरह के प्रतिष्ठित मंच पर उपस्थित रहना एक सम्मान की बात है। मैं वैश्विक फिल्म निमार्ताओं के साथ बातचीत, नए मौकों की तलाश और भारतीय सिनेमा की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए बहुत उत्सुक हूं ह्व

कैटरीना को तलाक देंगे विक्की?

मनोरंजन जगत की आज कई बड़ी खबरें नजर आ रही हैं। अनुष्का शर्मा और अमितभ बच्चन के खिलाफ मुंबई पुलिस कार्यवाही करने वाली है। हाल ही में अनुष्का शर्मा और अमिताभ बच्चन की सोशल मीडिया पर बाइक की सवारी करते हुए फोटो वायरल हो रही हैं। हालांकि दोनों ही सेलेब्स इन तस्वीरों में हेलमेट पहने नजर नहीं आ रहे हैं, जिसके बाद अब मुंबई पुलिस ने रिएक्ट किया है। इसके साथ ही रणबीर कपूर ने अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के रिलेशनशिप पर खुलासा किया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रणबीर कपूर ने आदित्य-अनन्या के रिलेशनशिप को लेकर बड़ी हिंट दी है। इसके साथ ही आज की 5 बड़ी एंटरटेनमेंट की खबरों पर एक नजर डालते हैं।

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे के रिलेशनशिप को लेकर बड़ा इशारा किया है। बातों ही बातों में रणबीर ने दोनों के रिलेशनशिप को कन्फर्म कर दिया है। रणबीर ने खुलासा किया कि आदित्य रॉय कपूर को 'अ' से शुरू होने वाले नाम की लड़कियां पसंद हैं।

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की फिल्म जरा हटके जरा बचके का ट्रेलर बीते दिन रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर लॉन्च में विक्की कौशल से सवाल पूछा गया कि क्या वह कैटरीना कैफ को तलाक देंगे। जिस पर विक्की का रिएक्शन सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर ने जवाब दिया कि उनका और कैटरीना का साथ जनमों जनमों तक का है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव (पूर्व),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .